हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 थैला वितरित कर दिया पॉलिथीन मुक्त गंज बासौदा का संदेश



08 डाबरा-इमलिया के पक्ष में 70 फीसदी दावों का दावा मंडी की लोकेशन...



खबर संक्षेप

माधवगंज से लोहांगी पहाड़ी तक आज निकलेगी चुनरी यात्रा

विदिशा। शक्ति आराधना सेवा समिति द्वारा आज दोपहर 12 बजे माधवगंज से लोहांगी पहाड़ी तक चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा की शुरुआत कांच मंदिर से होगी। यहां से यात्रा अस्पताल रोड, नीमताल, बांसकुली, बड़ा बाजार और तिलक चौक होते हुए लोहांगी पहाड़ी पहुंचेगी। कार्यक्रम आयोजक रामपाल सिंह राजपूत, कार्यक्रम अध्यक्ष कमलेश सूर्यवंशी और महिला मंडल अध्यक्ष सुपर्णा सिंह राजपूत ने श्रद्धालु महिलाओं से चुनरी यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। समिति द्वारा धार्मिक आस्था और भक्ति भाव के साथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

आवेदकों के बीच पहुंचे कलेक्टर, सुनीं समस्याएं

विदिशा। जनसुनवाई में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने 150 से अधिक आवेदनों पर सुनवाई की। वे आवेदकों के बीच पहुंचे और खड़े-खड़े उनकी समस्याएं सुनीं। आवास, राशन कार्ड, आधार संशोधन, आर्थिक सहायता, सीमांकन और बिजली संबंधी शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। दुर्जनपुरा के मोहन बाबू को आवास योजना का लाभ दिलाने, पीपलखेड़ा खुर्द में श्मशान घाट का बंद रास्ता खुलवाने तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

जल संवर्धन कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में जिला गंगा समिति की बैठक हुई। इसमें नदी संरक्षण, जल गुणवत्ता, अतिक्रमण नियंत्रण और वनीकरण कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बेतवा नदी के जल परीक्षण के लिए नियमित नमूने लेने, गंदे नालों की पहचान और नदी किनारों पर अतिक्रमण की जानकारी जुटाने के निर्देश दिए। बैठक में 1600 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रस्तावित पौधारोपण, ड्रोन सर्वेक्षण और अपशिष्ट प्रबंधन की भी समीक्षा हुई। उन्होंने विभागों को समन्वय से कार्य करने और जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया।

कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल हुई सोनोग्राफी

विदिशा। ग्राम पीपलखेड़ा निवासी सुरेश गिरी को जनसुनवाई में अपनी समस्या रखने पर तत्काल राहत मिली। उन्होंने सोनोग्राफी कराने में आ रही परेशानी से कलेक्टर अंशुल गुप्ता को अवगत कराया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद जिला चिकित्सालय विदिशा में सुरेश गिरी की सोनोग्राफी कराई गई। त्वरित कार्रवाई से उन्हें राहत मिली। प्रशासन का उद्देश्य जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निराकरण कर जरूरतमंदों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

आकर्षक साज-सज्जा के साथ सजाए पंडाल, भक्ति-आराधना में लीन हुए श्रद्धालु

कागदीपुरा



सिंधी कॉलोनी गेट



गोदावरी ग्रीन



हरिभूमि न्यूज, विदिशा। शारदीय नवरात्र के अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं विराजित की गई हैं। जगह-जगह आकर्षक पंडाल सजाए गए हैं, जहां मां दुर्गा के दर्शन और पूजन के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। सुबह से शाम तक देवी दरबारों में धार्मिक माहौल बना हुआ है। पंडालों में की गई साज-सज्जा और मां दुर्गा की मनमोहक प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में नवरात्र उत्सव समितियों द्वारा मां दुर्गा की स्थापना कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। श्रद्धालु मां के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। नवरात्र के चलते शहर में भक्ति का माहौल है और देवी पंडालों में धार्मिक गतिविधियां जारी हैं।

शांति समिति की बैठक में सुरक्षा, यातायात और ध्वनि व्यवस्था को लेकर निर्देश

हथियार लेकर चल समारोह में शामिल होने पर रोक, सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

नवरात्रि, दशहरा और दीपावली सहित आगामी त्योहारों को पुलिस-प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

पुलिस कंट्रोल रूम में कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता और एसपी रोहित काशवानी की उपस्थिति में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। इसमें कानून-व्यवस्था, चल समारोह, झांकियों की सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, विद्युत व्यवस्था और ध्वनि नियंत्रण सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर जरूरी निर्देश दिए गए।

बैठक में तय किया गया कि त्योहारों और चल समारोहों के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा तथा प्रभावी गश्त की जाएगी। झांकियों, जवारे और मूर्ति विसर्जन के दौरान भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। प्रमुख आयोजन स्थलों, पंडालों, गरबा स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखने पर जोर दिया गया। आयोजक समितियों को प्रवेश और निकास द्वारों सहित संवेदनशील स्थानों पर कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए। चल समारोह में किसी भी प्रकार के हथियार लाने पर रोक रहेगी। चाकूबाजी, उपद्रव और अन्य असामाजिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए पुलिस जांच करेगी। झांकी समितियों को व्यवस्थापकों के पहचान पत्र जारी करने और प्रवेश व्यवस्था के लिए रजिस्टर संधारित करने को कहा गया। सभी समितियां अपने वालंटियर की सूची पहले से पुलिस-प्रशासन को उपलब्ध कराएंगी। यातायात और पार्किंग व्यवस्था सुचारू रखने के लिए विस्तृत योजना बनाई जाएगी। बिजली आपूर्ति के लिए बिजली कंपनी और नगरपालिका के बीच समन्वय तथा आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए दल तैयार रखने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में नागरिकों से सोशल मीडिया पर भड़काऊ, आपत्तिजनक या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली पोस्ट साझा नहीं करने की अपील की गई। ऐसी पोस्ट या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने को कहा गया। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में चेन स्नैचिंग और कीमती आभूषणों की सुरक्षा के प्रति को जागरूक करने निर्देश दिए गए।

पुलिस ने आयोजकों से वालंटियर की सूची मांगी



विदिशा। बैठक के दौरान निर्देश देते हुए कलेक्टर अंशुल कुमार गुप्ता।

डीजे को नियमों का पालन अनिवार्य

गरबा नृत्य कार्यक्रमों और चल समारोहों में डीजे व ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग निर्धारित समय और ध्वनि मानकों के अनुसार ही करना होगा। प्रतिबंधित समय में डीजे संचालन नहीं किया जा सकेगा। नियमों का उल्लंघन होने पर कार्रवाई की जाएगी। गरबा और नृत्य कार्यक्रमों में आपत्तिजनक गीतों एवं नृत्य पर रोक रखने के निर्देश दिए गए।

आपात स्थिति में एंबुलेंस और दमकल के लिए रास्ता जरूरी

झांकियों की स्थापना इस तरह करने के निर्देश दिए गए कि आपात स्थिति में एंबुलेंस और दमकल वाहनों के आवागमन में बाधा न आए। विद्युत वायरिंग सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण रखने तथा मूर्तियों की ऊंचाई निर्धारित मानकों के अनुरूप रखने को कहा गया। नगर पालिका को स्ट्रीट लाइट, पेयजल और शौचालय जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

अवैध कब्जा नहीं छोड़ा एसडीएम ने भेजा जेल

भूमिस्वामी की 0.251 हेक्टेयर जमीन पर कब्जे का मामला, प्रशासन ने सख्ती दिखाकर जारी किया वारंट

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

भूमिस्वामी की जमीन पर अवैध कब्जा करने और बार-बार अवसर देने के बाद भी कब्जा नहीं छोड़ने पर एसडीएम मोतीलाल अहिरवार ने सख्त कार्रवाई की है। उन्होंने ग्राम परसोरिया की कृषि भूमि पर अवैध कब्जे के मामले में हरीराम सेन को 15 दिन के लिए जेल भेज दिया। आदेश के पालन में उसे सिविल जेल गंजबासौदा भेजा गया।

ग्राम परसोरिया स्थित सर्वे नंबर 55 की 0.251 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में चंद्रशेखर पुत्र प्रभुदयाल सप्रे सहित अन्य सहखातेदारों के नाम दर्ज है। आरोप था कि सागर जिले की बीना तहसील के ग्राम गोधना निवासी हरीराम पुत्र बाबूलाल सेन ने जमीन के पूरे रकबे पर अवैध कब्जा कर फसल का लाभ ले रहा था।

राजस्व निरीक्षक के सीमांकन प्रतिवेदन और पंचनामा में भी भूमि पर हरीराम सेन का कब्जा पाया गया। तहसीलदार न्यायालय ने 29 जून 2026 को उसे अवैध कब्जे का दोषी मानते हुए मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 250(8) के तहत सिविल कारागार में निरुद्ध करने के लिए प्रकरण एसडीएम न्यायालय भेजा था। एसडीएम मोतीलाल अहिरवार ने प्रकरण का परीक्षण और सुनवाई करने के बाद हरीराम को 15 दिन सिविल कारागार में रखने का आदेश जारी किया। इसके साथ ही तहसीलदार को भूमिस्वामी को नियमानुसार कब्जा दिलाने और पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्रवाई से स्पष्ट संदेश दिया गया है कि भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्ती बरती जाएगी।



पूर्व विधायक शशांक भार्गव पहुंचे धरने में, बोले- आदिवासियों के समर्थन में एक और केस दर्ज हो जाए तो भी कोई बात नहीं

पांच सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेस का धरना दूसरे दिन भी जारी, सात दिन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग की ओर से पांच सूत्रीय मांगों और आदिवासी परिवारों की समस्याओं को लेकर दिया जा रहा धरना मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। धरने में पूर्व विधायक शशांक भार्गव भी पहुंचे और आंदोलन को समर्थन दिया। कांग्रेस ने प्रशासन को सात दिन का अल्टीमेटम देते हुए मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर व्यापक आंदोलन की चेतावनी दी है।

धरने के दौरान शशांक भार्गव ने आदिवासी परिवारों के समर्थन में अपनी बात रखते हुए कहा कि पहले भी आदिवासियों के समर्थन में जाने पर उनके खिलाफ एक मामला दर्ज हुआ था और उन्हें तीन महीने फरारी काटनी पड़ी थी। उन्होंने कहा कि यदि एक और मामला दर्ज हो जाए तो भी कोई बात नहीं, वे प्रभावित परिवारों के साथ खड़े रहेंगे।

कांग्रेस ने ज्ञापन में मानोरा खंदा, हिनोतपुर सहित अन्य क्षेत्रों में पात्र हितग्राहियों को भूमि के पट्टे देने, कथित बेदखली रोकने, ग्यारसपुर बसस्टैंड से मालादेवी मंदिर तक पक्की सड़क बनवाने, बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने और 71 पंचायतों के 220 गांवों में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए गल्ला मंडी उपलब्ध कराने की मांग की है। कांग्रेस के अनुसार 14 अक्टूबर को विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार भी धरने में शामिल होंगे।

कुरवाई में नवरात्रि पर बिजली कटौती के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला-बोल, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

नवरात्रि पर्व पर लोड सेटिंग के नाम पर हो रही अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ नगर कांग्रेस कमेटी ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

नेताओं ने कहा कि शाम 6 से रात 11 बजे तक बिजली गुल रहने से माता के पंडालों में अंधेरा रहता है, माताओं-बहनों को दर्शन में परेशानी हो रही है। पूरे विधानसभा में यही हाल है। कांग्रेस ने चेतावनी दी - जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो सड़क पर उतरकर आंदोलन होगा। इस दौरान पूर्व शहर अध्यक्ष मजाज मोहम्मद, इरफान काजी, रमेश पारदी, सुनील राय, अन्नू कासिफ, लालू पेंटर, डॉ. फैज, नजीर खान, कमलेश सप्रे सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



विधायक मुकेश टंडन ने सुनीं जनसमस्याएं

अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के लिए दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



भाजपा कार्यालय में मंगलवार को विदिशा मुकेश टंडन ने भाजपा के सहयोग सेल के माध्यम से नागरिकों और कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए।

कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं, नागरिकों और व्यापारियों ने अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक टंडन ने आवेदकों की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान जिला भाजपा संगठन की ओर से सहयोग सेल में मुकेश चौकसे और डॉ. राहुल जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कृष्ण कुमार गुप्ता, दिनेश कुशवाह, प्रशांत खत्री, सुरेंद्र चौहान, संतोष पेंटर और कौशल अहिरवार सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं नागरिक मौजूद रहे। भाजपा संगठन के अनुसार सहयोग सेल जनता और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करता है। इसके माध्यम से आमजन की समस्याओं का समाधान कराना संगठन की प्राथमिकता है।

श्रद्धालु माता के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे

आषाढ़ी माता महामाई मंदिर में प्रतिदिन हो रही 6 आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

नवरात्रि के पावन पर्व पर मोहनगिरी स्थित प्राचीन आषाढ़ी माता महामाई मंदिर में प्रतिदिन छह आरतियों का आयोजन किया जा रहा है। माता रानी के दर्शन और आरती में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ कन्या पूजन, कन्या भोज और भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है।

मंदिर ट्रस्ट के सचिव राजकुमार प्रजापति ने बताया कि नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन निर्धारित समय पर आरतियां होती हैं। सुबह 7:30 बजे प्रातः आरती, 9 बजे पुष्प आरती और 11:30 बजे भोग आरती की जाती है। इसके बाद शाम 5 बजे धूप आरती, 7:30 बजे संध्या आरती और रात 8:30 बजे भोग आरती संपन्न होती है।

आरती के बाद कन्या भोज

मंदिर में प्रतिदिन भोग आरती के बाद देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन प्रसादी ग्रहण कराई जाती है। साथ ही भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है। नवरात्रि के चलते मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना हुआ है और श्रद्धालु माता रानी के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं।



विदिशा। मोहनगिरी स्थित मंदिर में प्रतिदिन कन्याओं को कराया जा रहा भोजन।

सपरिवार संध्या आरती में शामिल होने की अपील

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय प्रजापति ने नगरवासियों और श्रद्धालुओं से प्रतिदिन संध्या आरती में सपरिवार शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु अपनी बेटियों को भी मंदिर लेकर आएं, ताकि उनका पूजन कर कन्या भोज और प्रसाद कराया जा सके। नवरात्रि शक्ति आराधना, श्रद्धा और कन्या सम्मान का पर्व है। सभी श्रद्धालु आयोजन में सहभागी बनकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करें।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3720
उच्चतम भाव-7100
सरसों
न्यूनतम भाव-6900
उच्चतम भाव-8610
चना
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-7540
मसूर
न्यूनतम भाव-5900
उच्चतम भाव-7160
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2480
उच्चतम भाव-4920
बटरी
न्यूनतम भाव-1700
उच्चतम भाव-3301
मूंग
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-7000
उड़द
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-7800
मक्का
न्यूनतम भाव-1450
उच्चतम भाव-2100
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3330
उच्चतम भाव-3951
धान
न्यूनतम भाव-1831
उच्चतम भाव-4350

कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 30521 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

नपा ने नौलखी घाट डेम के गेट लगाए



गंजबासौदा। बेतवा में पानी के गिरते स्तर को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा नपा कर्मचारियों के सहयोग से मंगलवार को बेतवा नदी के नौलखी घाट पर स्थित डेम में गेट लगाना शुरू कर दिया है। पार्षद दल ने भी आज गिरते जल स्तर को लेकर अपनी चिंता जाहिर की है।

थैला वितरित कर दिया पॉलिथीन मुक्त गंज बासौदा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नपा की सहयोगी संस्था आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा रतनबाई हायर सेकंडरी स्कूल एवं नवीन बस स्टैंड पर थैला वितरण कर नागरिकों को पॉलिथीन का उपयोग न करने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा द्वारा उपस्थित लोगों को पॉलिथीन मुक्त गंजबासौदा बनाने की शपथ दिलाई गई। आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अभिषेक शर्मा ने नागरिकों से अपील की कि बाजार जाते समय थैला साथ लेकर जाएं और पॉलिथीन के स्थान पर कपड़े के थैले का उपयोग करें।



गंजबासौदा। रतनबाई जैन हायर सेकंडरी स्कूल में शपथ लेते विद्यार्थी।

स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर राकेश खंडेलवाल एवं अशोक अग्रवाल मंकूजी ने नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता के नियमों का पालन करें, कचरा इधर-उधर न फेंकें और नगर को स्वच्छ बनाए रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम में विद्यालय अध्यक्ष रमेश शाह, सचिव मयंक टांक, प्राचार्य बृजेश रछारिया, कार्तिक प्रजापति, शैलेंद्र चौरसिया मौजूद रहे।



गंजबासौदा। नवीन बस स्टैंड पर शपथ लेते नागरिकगण।

मेरी सेवाएं गरीबों को समर्पित: उदिता



गंजबासौदा। विद्यालय में हुआ उदिता अग्रवाल का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

डॉल्फिन विद्यालय की मेधावी छात्रा उदिता अग्रवाल ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन की बदौलत देश की प्रतिष्ठित नीट परीक्षा में सफलता हासिल की है। इस सफलता के आधार पर उदिता को सीहोर स्थित प्रतिष्ठित मानसरोवर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश मिल गया है। उदिता की इस उपलब्धि से परिवार, नगर एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

उदिता अग्रवाल ने कहा कि यह परिणाम उनकी दिन-रात की कड़ी मेहनत और सही दिशा में की गई निरंतर तैयारी का प्रतिफल है। उदिता ने अपनी इस सफलता का पूरा श्रेय डॉल्फिन विद्यालय के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और अपने माता-पिता के निरंतर सहयोग व प्रोत्साहन को दिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों ने हर मोड़ पर उनके कठिन विषयों के संदेहों को दूर किया और घर पर माता-पिता ने पढ़ाई के लिए एक बेहद सकारात्मक माहौल प्रदान किया। उदिता के पिता नीलेश अग्रवाल क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित समाजसेवी हैं, जो हमेशा सामाजिक कल्याण और सेवा कार्यों में अग्रणी रहते हैं, वहीं उनकी माता एक शिक्षिका हैं। उदिता ने बताया कि माता के शिक्षक होने के कारण उन्हें बचपन से ही घर पर अनुशासन और शिक्षा के प्रति गहरा लगाव मिला, वहीं पिता नीलेश अग्रवाल की समाज सेवा की भावना ने उन्हें जीवन में कुछ बड़ा करने और भविष्य में एक कुशल डॉक्टर बनकर देश व समाज की निःस्वार्थ सेवा करने के लिए प्रेरित किया। उदिता ने डॉल्फिन से सत्र 2022-23 में कक्षा 10 में राज्य की प्रावीण्य सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया था। डॉल्फिन विद्यालय के संचालक शैलेन्द्र दीक्षित, प्राचार्य संदीप जेटली सहित विद्यालय परिवार ने उदिता अग्रवाल को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शुभचिंतकों ने उदिता एवं परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

जलरंगों में आदिशक्ति की अभिव्यक्ति: शांति, चेतना और शक्ति का अनूठा संगम

युवा जलरंग कलाकार की कलाकृति में दिखा भारतीय परंपरा का समन्वय

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

भारतीय कला परंपरा में देवी-देवताओं का चित्रण केवल धार्मिक आस्था की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन, प्रकृति, चेतना और मानवीय भावनाओं को समझने का भी एक माध्यम रहा है। इसी परंपरा से प्रेरणा लेते हुए नगर के युवा कलाकार हर्षित दीक्षित ने अपनी जलरंग चित्रकला में माँ काली के स्वरूप को एक विशिष्ट कलात्मक दृष्टिकोण से प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। 'आदिशक्ति शांति से संहार तक' शीर्षक की यह कलाकृति शक्ति के विभिन्न आयामों को एक ही दृश्य संरचना में अभिव्यक्त करती है।

हर्षित दीक्षित वर्तमान में ललित कला बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स की पढ़ाई कर रहे हैं। चित्रकला, रेखांकन और दृश्य कलाओं में विशेष रुचि रखने वाले हर्षित का मानना है कि कला केवल किसी आकृति को कागज पर उतारने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि किसी विषय को गहराई से देखने, उसके भावों और विचारों को समझने तथा अपनी दृष्टि से अभिव्यक्त करने का माध्यम है। भारतीय कला, संस्कृति, इतिहास और दर्शन के प्रति उनकी रुचि उनकी कलात्मक सोच को व्यापक आधार प्रदान करती है। उनकी दृष्टि में एक कलाकार का कार्य केवल



गंजबासौदा। कलाकार हर्षित दीक्षित

दृश्य सौंदर्य रचना नहीं, बल्कि अपनी कलाकृति के माध्यम से दर्शक को विचार करने और किसी विषय को नए दृष्टिकोण से देखने के लिए प्रेरित करना भी है। इस कलाकृति का केंद्रीय विचार आदिशक्ति के भीतर निहित शांति, तेज, चेतना और परिवर्तन की शक्ति को समझना है। माँ काली के शांत नेत्रों और उग्र जिह्वा के माध्यम से कलाकार ने शक्ति के दो ऐसे पक्षों को एक साथ प्रस्तुत किया है, जो पहली दृष्टि में विपरीत प्रतीत होते हैं, लेकिन व्यापक अर्थ में एक-दूसरे के पूरक हैं। यह चित्र इस विचार को सामने रखता है कि शक्ति केवल उग्रता में नहीं, बल्कि आत्मसंयम, स्थिरता और विवेक में भी निहित होती है। चित्र में माँ का मुकुट दिव्यता और तेज का दृश्य केंद्र बनता है, जबकि तीसरा नेत्र अंतर्दृष्टि और चेतना का



गंजबासौदा। युवा कलाकार द्वारा बनाई गई आकर्षक कलाकृति

प्रतीकात्मक संकेत देता है। सिंह साहस एवं निर्भयता को अभिव्यक्त करता है। त्रिशूल शक्ति और परिवर्तन की अवधारणा को विस्तार देता है, वहीं अर्धचंद्र प्रकृति की लय तथा निरंतर परिवर्तन का स्मरण कराता है। कमल निर्मलता और आध्यात्मिक जागरण का भाव प्रस्तुत करता है। चित्र के निचले भाग में दिखाई गई अग्नि ऊर्जा, सक्रियता और रूपांतरण का प्रतीक बनती है। इन सभी तत्वों को एक ही रचना में समाहित करके कलाकार ने आदिशक्ति की अवधारणा को बहुआयामी रूप देने का प्रयास किया है। कलाकृति में रंगों का चयन भी विशेष महत्त्व रखता है।

लाल और गेरुआ रंग शक्ति, ऊर्जा तथा तेज का प्रभाव उत्पन्न करते हैं, जबकि सुनहरे रंग देवी के अलंकरणों में दिव्यता और गरिमा को उभारते हैं। नीले एवं धूसर रंगों के माध्यम से मुख की गंभीरता और शांति को व्यक्त किया गया है। गुलाबी तथा हरे रंग रचना में कोमलता, प्रकृति और जीवन की निरंतरता का भाव जोड़ते हैं। इन रंगों के बीच का विरोधाभास चित्र में दृश्य संतुलन स्थापित करता है और दर्शक का ध्यान मुख्य आकृति की ओर केंद्रित करता है। जलरंगों की पारदर्शिता और वॉश तकनीक के प्रभाव से पृष्ठभूमि में रंगों का सहज विलय दिखाई देता है। यहाँ पृष्ठभूमि केवल रिक्त स्थान भरने का माध्यम नहीं, बल्कि मुख्य आकृति के भावों को विस्तार देने वाली संरचना है। हल्के रंगों और गहरे प्रतीकों का यह संयोजन कलाकृति को एक ऐसी दृश्यात्मक भाषा प्रदान करता है, जिसमें पारंपरिक भारतीय देवी-चित्रण और कलाकार की व्यक्तिगत अभिव्यक्ति एक साथ दिखाई देते हैं। हर्षित दीक्षित की यह कलाकृति भारतीय आध्यात्मिक परंपरा से प्रेरणा लेते हुए प्रतीकों और रंगों के माध्यम से एक व्यक्तिगत विचार प्रस्तुत करती है।

इसका उद्देश्य केवल माँ काली के स्वरूप का चित्रण करना नहीं, बल्कि उस व्यापक शक्ति पर विचार करना है, जो शांति और साहस, स्थिरता और परिवर्तन तथा करुणा और तेज जैसे भावों को एक साथ समाहित कर सकती है। इस प्रकार यह रचना दर्शक को दृश्य सौंदर्य के साथ-साथ उसके पीछे निहित अर्थों को समझने और अपनी दृष्टि से उनका अनुभव करने का अवसर देती है।

पॉलिथीन को बोतलों में भरकर दे रहे पर्यावरण संरक्षण का संदेश



गंजबासौदा। बॉटलों में पॉलिथीन भरते कॉलोनी के रहवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से काला बाग़ स्थित आकृति होम्स कॉलोनी वासियों ने एक सराहनीय पहल की है। इसके तहत कॉलोनी के रहवासियों से घरों में निकलने वाली अनुपयोगी पॉलिथीन को खुले में फेंकने के बजाय प्लास्टिक की खाली बोतलों में भरकर सुरक्षित रखने का आह्वान किया गया है। कॉलोनी के अंदर निवासरत रहवासियों द्वारा कदम उठाए जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य प्लास्टिक कचरे को व्यवस्थित रूप से एकत्र करना और लोगों को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने के लिए प्रेरित करना है। कॉलोनी के निवासी संतोष शर्मा एवं मन्नू ने बताया कि अब हर 10 से 15 दिन में हर घर से पॉलिथीन से भारी बोतलों को एकत्रित किया जाएगा एवं एक ब्रिक्स के रूप में उपयोग कर कॉलोनी के ही सौंदर्यकरण के लिए उपयोग किया जाएगा। इस प्रक्रिया के तहत सबसे पहले घरों से निकलने वाली साफ और सूखी पॉलिथीन, चिप्स के पैकेट तथा अन्य अनुपयोगी प्लास्टिक रैपर को अलग एकत्र किया जाता है। इसके बाद पॉलिथीन को मोड़कर खाली प्लास्टिक की बोतल में डाला जाता है। लकड़ी या किसी अन्य सुरक्षित साधन की मदद से इसे दबाया जाता है, ताकि बोतल के अंदर खाली जगह ना रहे। बोतल भर जाने पर उसका ढक्कन बंद कर दिया जाता है। इस प्रकार अनुपयोगी पॉलिथीन को इधर-उधर बिखरने से बचाकर एक जगह रखा जा सकता है। प्लास्टिक कचरा लंबे समय तक नष्ट नहीं होता और खुले में फेंके जाने पर मिट्टी, जल स्रोतों तथा पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। नालियों में जमा पॉलिथीन जल निकासी में भी बाधा बन सकती है। घरों से बाहर खुली जगह पर फेंकी गई पॉलिथीन से निराश्रित मवेशियों एवं सड़कों पर घूम रहे जानवरों को भी खतरा रहता है खाने के साथ पॉलिथीन भी जानवरों के पेट में पहुंच जाती है और कई बार तो मवेशियों की जान तक चली जाती है। ऐसे में घर-घर से प्लास्टिक कचरा बाहर नहीं निकलने पर कई बड़ी समस्याओं से बचा जा सकता है एवं यह पहल स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का अच्छा माध्यम बन सकती है] नगर में इस प्रयास की नागरिकों द्वारा सराहना की जा रही है।

नवरात्रि का पावन पर्व हिंसक वृत्तियों पर विजय प्राप्त कर स्वयं में दिव्यता धारण करने की प्रेरणा देता है: दीदी

गंजबासौदा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सेवा केंद्र पर नवरात्रि के पावन अवसर पर चैतन्य देवियों की अद्भुत एवं मनमोहक झांकी सजाई गई। इस अवसर पर नवदुर्गा के आध्यात्मिक रहस्यों को स्पष्ट करते हुए देवी स्वरूपों के माध्यम से जीवन में दैवी गुणों को धारण करने तथा आंतरिक बुराइयों पर विजय प्राप्त करने का संदेश दिया गया। ब्रह्माकुमारी रुकमणी दीदी ने कहा कि नवरात्रि का पर्व केवल देवी आराधना और उत्सव मनाने का अवसर नहीं है, बल्कि यह स्वयं को दैवी गुणों से सुसज्जित करने तथा अपने भीतर की आसुरी वृत्तियों का अंत करने की प्रेरणा देने वाला पर्व है। देवी मां वात्सल्य, पवित्रता, सात्विक प्रेम, सर्व के प्रति समदृष्टि, शुभ संकल्प और कल्याणकारी भावना की प्रतीक हैं। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर हमें भी सभी आत्माओं के प्रति स्नेह, करुणा और अपनेपन का भाव रखना चाहिए। जगदंबा के समान सर्व के कल्याण की भावना रखते हुए समाज को प्रेम, सद्भाव और एकता के सूत्र में पिरोने का प्रयास करना चाहिए। दीदी ने कहा कि नवरात्रि हमें अपनी हिंसक वृत्तियों, क्रोध, अहंकार, ईर्ष्या और अन्य विकारों पर विजय प्राप्त करने की प्रेरणा देती है। देवी-देवताओं के विभिन्न स्वरूपों एवं उनके हाथों में धारण किए गए अस्त्र-शस्त्रों का भी गहन आध्यात्मिक रहस्य है। देवी के हाथों में माला परमात्मा शिव की याद का प्रतीक है, जबकि ज्ञान रूपी बाण से विकारों का संहार करने का संदेश मिलता है। इसी प्रकार कमल का फूल, त्रिशूल, सुदर्शन चक्र, तलवार, शंख और गदा आदि आध्यात्मिक शक्तियों एवं जीवन मूल्यों के प्रतीक हैं। उन्होंने बताया कि देवियों को अष्टभुजाधारी दर्शाना मनुष्य में निहित आठ विशेष शक्तियों का प्रतीक है। इनमें सामना करने की शक्ति, निर्णय करने की शक्ति, सहन करने की शक्ति, सहयोग करने की शक्ति, समेटने की शक्ति, परखने की शक्ति, समाने की शक्ति तथा विस्तार को संकीर्ण करने की शक्ति शामिल हैं।



महावीर विहार में होगी कार्यकारिणी की बैठक

भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय व क्षेत्रीय पदाधिकारी जुटेंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 12 की द्वितीय क्षेत्रीय कार्यकारिणी बैठक रविवार को मिल रोड स्थित भगवान महावीर विहार में आयोजित की जाएगी। जैन मिलन परिवार के आतिथ्य में होने वाले इस आयोजन में संगठन के राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों सहित विभिन्न शाखाओं में गुना, अशोकनगर, राधौगढ़, कुम्भराज, चंदेरी, ईसागढ़, शाढोरा,भोपाल, विदिशा, इंदौर, देवास, बैरसिया सहित अनेक शहरों से प्रतिनिधि सम्मिलित होकर संगठनात्मक गतिविधियों, सामाजिक सरोकारों तथा आगामी कार्य योजनाओं पर विचार-विमर्श करेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश जैन 'रितुराज के सफल नेतृत्व में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ संरक्षक विजय कुमार जैन तथा राष्ट्रीय मंत्री नरेश चंद जैन, क्षेत्रीय अध्यक्ष इंजीनियर प्रदीप कुमार जैन, क्षेत्रीय मंत्री निर्मल कुमार जैन, क्षेत्रीय संगठन कोऑर्डिनेटर विजय कुमार जैन, वीर विनय जैन एडवोकेट, वीर सुभाष जैन, आनन्द जैन गांधी, शीतल चंद जैन, महेंद्र जैन कंडेसरा, डॉ प्रमोद जैन, प्रमोद जैन चौधरी उपस्थित रहेंगे। आयोजन के माध्यम से संगठन की एकजुटता, सामाजिक सहभागिता और जैन मिलन की गतिविधियों को नई दिशा देने पर जोर रहेगा।

बैठक में क्षेत्र क्रमांक 12 के राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी, शाखा संयोजक, अध्यक्ष, मंत्री तथा कार्यकारिणी सदस्य शामिल होंगे। इस दौरान शाखाओं की गतिविधियों की समीक्षा, आगामी क्षेत्रीय कार्यक्रमों की रूपरेखा, संगठन के विस्तार तथा सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही पदाधिकारियों एवं सदस्यों से सुझाव आमंत्रित कर संगठनात्मक कार्यों को गति देने की दिशा में विचार किया जाएगा। कार्यक्रम में 1 बजे से 1:30 बजे तक पंजीयन तथा दोपहर 1:30 बजे से शाम 4 बजे तक क्षेत्रीय कार्यकारिणी बैठक आयोजित होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ महावीर प्रार्थना से होगा। इसके बाद अतिथियों का स्वागत, क्षेत्रीय अध्यक्ष का उद्बोधन, पदाधिकारियों के प्रतिवेदन तथा विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जाएगी।

क्षेत्रीय कार्यकारिणी के प्रमुख पदाधिकारियों में क्षेत्रीय अध्यक्ष इंजीनियर पीके जैन, क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सतीश जैन, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रणय जैन एवं क्षेत्रीय मंत्री निर्मल जैन क्षेत्र क्रमांक 12 जैन मिलन का विशाल क्षेत्र कार्यक्षेत्र है जो कि कोटा से लेकर देवास इंदौर तक सम्मिलित है जिसके समस्त पदाधिकारी एवं अनेक वीर बंधु एवं वीरांगनाएं शामिल हैं। आयोजकों ने समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थित होकर सफल बनाने अपील की है।

आचार्य विद्या वैली परिवार ने किया पूर्व छात्रा का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

आचार्य विद्या वैली हायर सेकंडरी स्कूल की पूर्व छात्रा उदिता अग्रवाल का नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने एवं एमबीबीएस में प्रवेश मिलने पर विद्यालय की संचालन समिति एवं स्टाफ द्वारा सम्मान किया गया। डायरेक्टर्स प्रणय जैन अशोक जैन, पंकज जैन, सतेंद्र सिंह राजपूत, प्राचार्य वीरेंद्र सक्सेना सहित स्टॉफ द्वारा इस उपलब्धि पर छात्रा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर चयनित छात्रा उदिता अग्रवाल ने सभी छात्रों को किसी कार्य में पूर्ण रूप से मन लगाकर मेहनत करने की बात कही । सभी को समय का उचित उपयोग करते हुए अपने लक्ष्य की ओर ध्यान देना चाहिए। मेहनत कभी बेकार नहीं जाती बस हमारे अंदर कडी मेहनत करने की इच्छा होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि उदिता अग्रवाल गौ रक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल और शिक्षिका मीना अग्रवाल की सुपुत्री हैं। कार्यक्रम के अंत में नीलेश अग्रवाल ने सभी को अपने लक्ष्य पर और पढ़ाई पर ध्यान देने की बात कही।

आकर्षक झांकी देखने उमड़ रहे श्रद्धालुगण



गंजबासौदा। मेहलुआ चौराहा पर श्री नवदुर्गा युवा उत्सव समिति लगातार 20 वर्षों से नवरात्रि दुर्गा पूजा का आयोजन करती आ रही है। मेहलुआ चौराहा स्थित यह झांकी लोगों के आकर्षण का केन्द्र है। यहां शाम की आरती में प्रतिदिन सैकड़ों भक्त पहुंचते हैं, अष्टमी के दिन खीर का भोग प्रसादी एवं नवमी के दिन कन्या भोज का आयोजन किया जाता है। समिति के संरक्षक युवा व्यवसायी और सामाजिक कार्यकर्ता राजा यादव ने बताया के चौराहे के सभी लोगों के सहयोग से यह आयोजन पिछले 20 वर्षों से अनवरत रूप से जारी है। इस वर्ष भी समिति ने बेहद मनोरम झांकी सजाई है।

यूनिसेफ के वैश्विक एवं राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने किया राजगढ़ जिले का भ्रमण

बाल विवाह की रोकथाम, बाल अधिकारों के संरक्षण व परिवार सशक्तीकरण के प्रयासों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

बाल विवाह की रोकथाम, बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा तथा परिवारों के सशक्तीकरण के उद्देश्य से जिले में किए जा रहे प्रयासों का जायजा लेने के लिए यूनिसेफ के वैश्विक एवं राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने राजगढ़ जिले का भ्रमण किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, किशोरों एवं युवाओं, विभिन्न शासकीय विभागों, न्यायिक अधिकारियों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से संवाद कर बाल संरक्षण की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में सुश्री शीमा सेन गुप्ता, ग्लोबल डायरेक्टर, चाइल्ड प्रोटेक्शन एंड माइग्रेशन सुश्री मिलन किडाने, प्रमुख, चाइल्ड प्रोटेक्शन, यूनिसेफ इंडिया कंट्री ऑफिस शर्मिला रे, चाइल्ड प्रोटेक्शन स्पेशलिस्ट, यूनिसेफ इंडिया कंट्री ऑफिस लोलिचेन पी.जे., चाइल्ड प्रोटेक्शन स्पेशलिस्ट तथा गोविंद बेनीवाल, चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिसर, यूनिसेफ मप्र कार्यालय शामिल रहे।



कलेक्टर डॉ. मिश्रा व पुलिस अधीक्षक तोलानी से की मुलाकात



भ्रमण के प्रथम चरण में यूनिसेफ के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले से कलेक्टर कार्यालय में मुलाकात की। बैठक में जिले में संचालित बाल संरक्षण एवं परिवार सशक्तिकरण संबंधी प्रयासों, बाल विवाह की रोकथाम की रणनीतियों तथा आगामी गतिविधियों पर चर्चा की गई। इस दौरान जोखिमग्रस्त बच्चों एवं परिवारों की समय रहते पहचान करने, उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं से जोड़ने तथा प्रशासन, पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और ग्राम पंचायतों के समन्वित प्रयासों को प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। बैठक में परिवारों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने, सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने और किशोर-किशोरियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक कर बाल संरक्षण तंत्र को सुदृढ़ बनाने पर भी विचार किया।

बनानिया ग्राम पंचायत में किशोरों व युवाओं से किया संवाद

प्रतिनिधिमंडल ने बनानिया ग्राम पंचायत का भ्रमण कर बनानिया सहित तीन अन्य ग्राम पंचायतों के सरपंचों, पंचायत सचिवों, शिक्षकों, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों तथा किशोरों एवं युवाओं से संवाद किया। इस दौरान बाल विवाह के सामाजिक कारणों, बच्चों के अधिकारों, शिक्षा की निरंतरता तथा बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायतों के निर्माण में स्थानीय समुदाय की भूमिका पर चर्चा की गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में बाल अधिकारों एवं सुलभ न्याय पर मंथन

भ्रमण के अंतिम चरण में प्रतिनिधिमंडल ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में सहभागिता की। बैठक की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव देवदत्त ने की। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नीलिमा देवेदत्त ने भी अपने विचार साझा किए। बैठक में न्यायिक अधिकारियों, विभिन्न शासकीय विभागों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में बाल विवाह की रोकथाम, बाल अधिकारों के संरक्षण तथा हिंसा से प्रभावित बच्चों को सुलभ, संवेदनशील एवं बाल-केंद्रित न्याय उपलब्ध कराने के विषय पर चर्चा की गई। यूनिसेफ प्रतिनिधिमंडल का राजगढ़ जिले का भ्रमण बाल संरक्षण को प्रशासन, परिवार, समुदाय, ग्राम पंचायत, विद्यालय एवं न्यायिक व्यवस्था की साझा जिम्मेदारी के रूप में सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण रहा। भ्रमण के दौरान विभिन्न स्तरों पर हुए संवाद में बाल विवाह की रोकथाम, किशोर-किशोरी सशक्तीकरण, परिवारों को मजबूत बनाने तथा हिंसा से प्रभावित बच्चों को न्याय एवं संरक्षण उपलब्ध कराने के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता सामने आई।

आदर्श ताइक्वांडो क्लब ने जीते 3 स्वर्ण, 1 रजत और 3 कांस्य पदक

ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सिरोंज के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

मध्य प्रदेश ताइक्वांडो संघ, भोपाल के तत्वावधान में जिला ताइक्वांडो संघ विदिशा द्वारा 38वीं सब-जूनियर, प्री-सब-जूनियर एवं ओपन कैडेट मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 10 एवं 11 अक्टूबर 2026 को गंजबासौदा के एलबीएस कॉलेज में किया गया।

प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों की टीमों ने भाग लिया। इसमें आदर्श ताइक्वांडो क्लब सिरोंज के 21 खिलाड़ियों ने विदिशा जिले की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया और कुल 7 पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण, 1 रजत एवं 3 कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में सूर्यवर्धन सिंह यादव ने अंडर-18 किलोग्राम भार वर्ग, कु. तेजस्विनी कुशवाह ने अंडर-26 किलोग्राम भार वर्ग तथा प्री-सब-जूनियर वर्ग में तत्व जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। इन तीनों खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय सब-जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए मध्य प्रदेश की टीम में हुआ है, जहां वे प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसी प्रकार कैडेट वर्ग में कु. कनिष्का श्रीवास्तव ने रजत पदक प्राप्त किया, जबकि अद्विका भावसार, वेदांशी जैन एवं श्रेयांश पटवा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीते।



तेजस्विनी कुशवाह को मिला बेस्ट फाइटर अवॉर्ड

प्रतियोगिता में तेजस्विनी कुशवाह ने लगातार पांच फाइट जीतकर स्वर्ण पदक हासिल किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए मध्य प्रदेश ताइक्वांडो संघ के टेक्निकल चेयरमैन एवं विक्रम पुरस्कार से सम्मानित अर्जुन सिंह रावत सहित प्रतियोगिता के अधिकारियों एवं रेफरी ने उन्हें सब-जूनियर बालिका वर्ग का बेस्ट फाइटर अवॉर्ड प्रदान किया। इसके साथ ही उन्हें 2100 रुपये की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि क्लब और जिले के लिए विशेष गौरव का विषय रही। खिलाड़ियों की इस सफलता पर मध्य प्रदेश ताइक्वांडो संघ के सचिव दिलीप सिंह थापा ने सभी पदक विजेताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में विदिशा जिले की टीम के कोच के रूप में सिरोंज के ताइक्वांडो प्रशिक्षक सरदार सिंह कुशवाह शामिल रहे, जबकि टीम मैनेजर के रूप में निधि साहू ने जिम्मेदारी निभाई। आदर्श ताइक्वांडो क्लब के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से सिरोंज में खेल प्रतिभाओं को नई पहचान मिली है। अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयारी करेंगे।

सिरोंज में आवारा कुत्तों का बढ़ता आतंक, आम नागरिक परेशान

बाजार और रहवासी क्षेत्रों में कुत्तों की बढ़ती संख्या से लोगों में चिंता

भाजपा नेता तोषमणी पंथी ने नपा की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या आम नागरिकों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। नगर के बाजारों और रहवासी क्षेत्रों में घूमते आवारा कुत्तों के कारण लोगों को आवागमन के दौरान परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों और पैदल बाजार आने-जाने वाले लोगों को लेकर नागरिकों में चिंता बनी हुई है। ऐसे में नगर पालिका द्वारा इस समस्या के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता तोषमणी पंथी ने भी चिंता जाहिर की है। उन्होंने अपने फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट साझा करते हुए नगर पालिका के स्वास्थ्य अधिकारी का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित किया। उन्होंने लिखा कि नगर पालिका के स्वास्थ्य अधिकारी को आम जनता की समस्याओं पर भी थोड़ा ध्यान देना चाहिए। सिरोंज बाजार में आवारा कुत्तों का आतंक बना हुआ है, लेकिन इस समस्या को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से अपेक्षित कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। तोषमणी पंथी की इस टिप्पणी के बाद नगर में आवारा कुत्तों की समस्या और नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चर्चा का विषय बन गया है।



नागरिकों को नगर पालिका से कार्रवाई की उम्मीद

नगर में आवारा कुत्तों की समस्या के समाधान के लिए नागरिक नगर पालिका से ठोस पहल की अपेक्षा कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग को बाजारों और घनी आबादी वाले क्षेत्रों का निरीक्षण कर समस्या की गंभीरता के अनुसार आवश्यक कदम उठाने चाहिए। साथ ही आवारा कुत्तों के प्रबंधन, टीकाकरण और नसबंदी जैसी व्यवस्थाओं पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके। अब देखना होगा कि नगर पालिका का स्वास्थ्य विभाग इस समस्या को लेकर कब तक प्रभावी कार्रवाई करता है। फिलहाल आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या का मुद्दा नगर में नागरिक सुरक्षा और नगरीय व्यवस्था से जुड़ा एक महत्वपूर्ण सवाल बन गया है।

डीजे संचालकों पर कार्रवाई की मांग

तेज आवाज में डीजे बजने से दुकानों में रखा सामान टूटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर में धार्मिक आयोजनों के दौरान तेज आवाज और अधिक बेस वाले डीजे के संचालन से दुकानदारों को नुकसान होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में ऑनलाइन शॉप, मोबाइल शॉप, मेडिकल स्टोर और कृषि सेवा केंद्र सहित अन्य दुकानों के संचालकों ने तहसीलदार अभिषेक पाण्डेय को ज्ञापन सौंपकर संबंधित डीजे संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में दुकानदारों ने बताया कि 10 अक्टूबर को रात्रि करीब 8 बजे के आसपास माता रानी की प्रतिमा ले जाते समय तेज आवाज और अधिक बेस में डीजे बजाया जा रहा था। डीजे की तेज आवाज और कंपन के कारण दुकानों में रखा सामान नीचे गिर गया, जिससे कई दुकानदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। दुकानदारों का कहना है कि उन्होंने अपनी दुकानों में सामान व्यवस्थित तरीके से रखा था, लेकिन तेज आवाज और कंपन के कारण सामान गिरकर टूट गया। दुकानदारों ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान होना चाहिए, लेकिन डीजे की आवाज निर्धारित मानकों के अनुरूप होनी चाहिए, ताकि आम नागरिकों और व्यापारियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। तेज आवाज और अत्यधिक बेस के कारण न केवल दुकानों में रखे सामान को नुकसान पहुंचने की आशंका रहती है, बल्कि आसपास के लोगों को भी असुविधा होती है। दुकानदारों ने तहसीलदार से मामले की जांच कर संबंधित डीजे संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने तथा भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग की है।



दुकानदारों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

महिला सम्मान के मुद्दे पर कांग्रेस अपनी नैतिक जिम्मेदारी स्पष्ट करे: लता बानखेड़े

जेएनयू मामले में विद्यार्थियों की शिकायतों की निष्पक्ष जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



सागर-सिरोंज क्षेत्र की सांसद एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. लता बानखेड़े ने एक वीडियो जारी कर जेएनयू से जुड़े मामले में महिला विद्यार्थियों की शिकायतों और विश्वविद्यालय की कार्रवाई को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि वह केवल राजनीतिक विवाद पर बोलने नहीं आई हैं, बल्कि देश की बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और न्याय के मुद्दे पर अपनी बात रख रही हैं। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से सवाल किया कि जब महिलाओं के सम्मान का मामला सामने आता है, तो क्या पार्टी का रवैया व्यक्ति और राजनीतिक दल को देखकर बदल जाता है।

डॉ. बानखेड़े ने कहा कि जब भाजपा महिलाओं के अधिकारों की बात करती है, तो कांग्रेस उस पर राजनीति करने के आरोप लगाती है। लेकिन जब उसके अपने सांसद से जुड़ा मामला सामने आता है, तो क्या कांग्रेस नेतृत्व की जिम्मेदारी समाप्त हो जाती है? उन्होंने स्पष्ट कहा कि महिलाओं का सम्मान किसी राजनीतिक दल की जागीर नहीं है और न ही किसी सांसद का पद कानून से ऊपर है। उन्होंने कहा कि देश की बेटियां विश्वविद्यालयों में अपना भविष्य बनाने, शिक्षा प्राप्त करने और समान अवसर हासिल करने के लिए जाती हैं। ऐसे में उन्हें सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए। यदि किसी विद्यार्थी को अनुचित व्यवहार की शिकायत करनी पड़ती है, तो उसकी बात गंभीरता से सुनना और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करना संबंधित संस्था और व्यवस्था की जिम्मेदारी है। डॉ. बानखेड़े ने मांग की कि शिकायतकर्ता महिलाओं को सुरक्षा प्रदान की जाए, मामले की निष्पक्ष जांच हो और आरोप सिद्ध होने पर कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रभावशाली व्यक्ति को उसके पद या राजनीतिक दबाव के कारण विशेष छूट नहीं मिलनी चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि निष्पक्ष न्याय के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपना पक्ष रखने का समान अवसर मिलना आवश्यक है। यह मामला किसी व्यक्ति को पहले से दोषी ठहराने का नहीं, बल्कि महिलाओं की गरिमा के प्रति राजनीतिक दलों की गंभीरता और जवाबदेही का है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ सहित महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को बढ़ावा देने के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि महिला सशक्तीकरण केवल योजनाओं से नहीं, बल्कि ऐसे वातावरण से भी सुनिश्चित होता है, जहां हर बेटी बिना भय के अपनी बात कह सके। डॉ. बानखेड़े ने कांग्रेस नेतृत्व से सवाल किया कि क्या वह इस मामले में अपनी नैतिक और राजनीतिक जिम्मेदारी स्पष्ट करेगा।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दिशा बोध शिविर का किया गया आयोजन

थाना एवं सेंट्रल बैंक में जाकर बच्चों ने सीखे गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

विद्या भारती द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दिशा बोध शिविर 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां नर्मदा शिक्षण समिति के सचिव हीरेंद्र मालवीय एवं श्रीमती प्रेक्षा दीदी, प्राचार्य जयप्रकाश तिवारी द्वारा किया गया। यह शिविर तीन दिनों तक चलेगा, जिसमें कक्षा 9वीं एवं 10वीं के सभी भैया-बहनों को व्यावसायिक करियर हेतु विशेष जानकारियां दी जाएगी। शिविर के अंतर्गत भैया-बहनों को बरेली पुलिस थाना , सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया, टीम पहल का भ्रमण कराया गया।

भैया बहनों को दी समझाइश

भैया बहनों ने थाने में पहुंचकर थाना प्रभारी कपिल गुप्ता से थाने के विषय में जानकारी लेते हुए थाना प्रभारी से बातचीत की थाना प्रभारी ने उन्हें थाने के विषय में कहां की पुलिस से डरे नहीं और अपने कर्तव्यों के विषय में उन्होंने उन्हें परिचय दिया। बच्चों को यह समझाया की फोन से दूर रहे पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान दें मोबाइल में आपके कोई गलत मैसेज आते हैं या कोई परेशान करता है तो पुलिस मैं सूचना दें। पुलिस आपकी सेवा में हमेशा रहती है बच्चों को यही भी बताया कि स्कूल बाहन में कैसे बैठना है कैसे आना जाना है और रोड कैसे क्रॉस करना है।



बैंक पहुंचे छात्र

भैया बहनों ने सेंट्रल बैंक के मैनेजर से मुलाकात कर बैंक के विषय में पूरी जानकारी ली। एटीएम क्या है कैसे इसका उपयोग करना चाहिए खाता कैसे खोलना चाहिए कितने साल तक के बच्चों का खाता खुलता है। सेंट्रल बैंक के सभी नियमों का कैसे पालन करना चाहिए बैंक संबंधित कोई भी समस्या आए उस विषय में बैंक के मैनेजर ने बच्चों को विस्तार से समझाया।

तीर्थ क्षेत्र सेमलखेड़ी की घटना के विरोध में जैन समाज ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

सकल दिगंबर जैन समाज के द्वारा राज्यपाल के नाम एसडीएम अंकित जैन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से समाज बंधुओ ने मांग की है कि 9 - 10 अक्टूबर की दरमियानी रात कुछ अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा सिरोंज क्षेत्र के सेमलखेड़ी जैन तीर्थक्षेत्र में पहाड़ी पर स्थित तारण गिरी गुफा में मेन गेट तोड़कर अंदर घुसकर तोड़फोड़ कर एवं जैन समाज की आस्था ग्रंथराज श्री अध्यात्मवाणी जी को नुकसान पहुंचाया। साथ ही वहां रखी दान पेटी तोड़कर लूट की घटना को अंजाम दिया।

जुलूस निकाल सोपा ज्ञापन-घटना के विरोध में बुधवार को बड़ी संख्या में समाज बंधु श्री तारण तरण चैत्यालय जी मैं एकत्रित हुए जहां से पंक्तिबद्ध होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां ज्ञापन का वाचन अखंड जिला जैन परिषद के जिला अध्यक्ष गोपाल वासल के द्वारा किया गया उन्होंने ज्ञापन सोपते हुए आरोपीयों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की।

वहीं दिगंबर जैन पंचायत कमेटी के अध्यक्ष आशीष जैन अल्लू भैया ने कहा कि विगत कुछ दिनों से देखा जा रहा है आसामाजिक तत्वों के द्वारा धार्मिक स्थानों को निशाना बनाया जा रहा है। पुलिस प्रशासन के द्वारा ऐसे आरोपियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही करना आवश्यक है।वही अनिल जैन ने बताया कि सेमलखेड़ी तीर्थ क्षेत्र हमारे सदगुरु तारण स्वामी की तपोभूमि है ऐसे पवित्र स्थान पर इस तरह का कृत्य समाज बर्दाश्त नहीं करेगी। इस दौरान ऋषभ सिंघई , शिखर जैन,विमल जैन , नीरज जैन , अनूप जैन कमलेश जैन , कुलदीप जैन, विपुल जैन, त्रिवेंद्र जैन, महेंद्र जैन, रतन जैन , शक्ति तारण , धर्मेंद्र जैन , जितेंद्र जैन, देवी जैन दिग्विजय जैन, अभिनव तारण, नीलेश जैन, विकास जैन , शैलेंद्र जैन , संदेश जैन , कमलेश जैन , संजय जैन, राजीव तारण,नवीन जैन , सहित बड़ी संख्या में सकल दिगंबर जैन समाज केलोग मौजूद रहे।



लायंस क्लब द्वारा आज रात्रि में सरस्वती शिशु मंदिर में गरबा महोत्सव

बरेली। आज 14 अक्टूबर की रात्रि में लायंस क्लब द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय प्रांगण में गर्वा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। गरबा महोत्सव का प्रवेश शुल्क 100 रखा गया है और लकी ड्रा निकालकर विजेताओं को आकर्षक उपहार प्रदान किए जाएंगे। बुधवार की रात्रि में गरबा महोत्सव में गीत संगीत के साथ नृत्य की धूम बनी रहेगी। कार्यक्रम के संबंध में श्रीमती माया विट्ठल भूतड़ा ने बताया कि गरबा नृत्य के माध्यम से भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने समाज में आपसी मेल मिलाप की भावना को मजबूत करना है। नगर वासियों से गरबा महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

नाम परिवर्तन

मैं अनिल मतानी पिता का नामः- बृजलाल मतानी आयुः- 52 वर्ष निवासीः- इन्द्रा कॉम्प्लेक्स, विदिशा (म.प्र.) मैं शपथपूर्वक सत्य कथन करता हूँ कि शपथकर्ता का पुत्र अंश मतानी जो कि ट्रिनिटी कॉन्वेन्ट सी.से. स्कूल विदिशा में कक्षा 10वीं का छात्र है। मैं शपथपूर्वक सत्य कथन करता हूँ कि शपथकर्ता के पुत्र की त्रुटिवश गलत जन्मतिथि 11.02.2011 स्कूल रिकॉर्ड में दर्ज है जिसको शपथकर्ता जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड के हिसाब से सही कराना चाहता है जो कि सही जन्म दिनांक 31.08.2010 है। मैं शपथपूर्वक सत्य कथन करता हूँ कि शपथकर्ता के पुत्र अंश मतानी के स्कूल रिकॉर्ड में सही जन्म दिनांक 31.08.2010 उक्त दस्तावेजों के आधार पर सुधार किये जाने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत है।

नाम संशोधन सूचना

मैं वर्षा शर्मा पत्नि श्री गोविंद शर्मा निवासी ग्राम बंजरिया तहसील ग्यारसपुर जिला विदिशा (मप्र) की निवासी हूं। मैंने एलआईसी में एक पॉलिसी ली थी। पॉलिसी क्रमांक 352108464 में मेरा नाम बरखा अंकित है। पर अब मेरे सभी दस्तावेजों में आधार कार्ड और बैंक खाते में मेरा नाम व जन्म दिनांक वर्षा शर्मा (01/01/1979) है। बरखा शर्मा एवं वर्षा शर्मा दोनों मेरे ही नाम हैं और यही मेरी जन्मदिनांक 01/01/1979 है। मेरी पॉलिसी क्रमांक 352108464 में सुधार के लिए यह सूचना प्रकाशित है।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै कनक शेवकानी पत्नी श्री सुनील शेवकानी निवासी बार्ड नम्बर 15 गायत्री मंदिर के पीछे वाली गली स्वर्णकार कॉलोनी विदिशा म०प्र० की निवासी हूँ। शादी से पूर्व मेरा नाम साधना धुनानी पुत्री श्री जेठानंद धुनानी था। जो कि मेरी अंक सूची में दर्ज हैं। शादी के उपरांत मेरे नाम आधार कार्ड एवं परिचय कार्ड, पैन कार्ड, एवं समग्र आई डी, में कनक शेवकानी पत्नी श्री सुनील शेवकानी अंकित हैं। मुझे इसी नाम से जाना व पहचना जाता है। एवं भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

इति दिनांक.....

आवेदक
कनक शेवकानी पत्नी श्री सुनील शेवकानी
निवासी बार्ड नम्बर 15 गायत्री मंदिर के पीछे वाली गली स्वर्णकार कॉलोनी विदिशा म.प्र.

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का नाम कुशाग्र कपूर पुत्र श्री हिमांशु कपूर निवासी मकान नम्बर 156 राजीव नगर विदिशा म०प्र० का है। मेरे पुत्र का आधार कार्ड नम्बर 263909159013 है, जो कि मेरे पुत्र के नाम पर जारी किया गया था। आधार अपडेट के दौरान त्रुटिवश मेरे पुत्र का नाम दीप कपूर पुत्र श्री हिमांशु कपूर दर्ज हो गया हैं। जबकि मेरे पुत्र का सही नाम कुशाग्र कपूर पुत्र श्री हिमांशु कपूर है। ओर मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है। इस लिये मैं मेरे पुत्र के आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में अपडेट करा कर, कुशाग्र कपूर पुत्र श्री हिमांशु कपूर अंकित कराना चाहता हूँ। मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है। एवं भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना - पहचाना जावे।

इति दिनांक.....

आवेदक
हिमांशु कपूर पुत्र श्री दीपक कपूर
निवासी - मकान नम्बर 156 राजीव नगर विदिशा म.प्र.

शिक्षकों को दिया जा रहा विशेष प्रशिक्षण, मार्गदर्शन

प्रिंसटन कॉलेज में टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, शिक्षण पद्धतियों को अधिक प्रभावी बनाने तथा शिक्षकों के व्यावसायिक कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से प्रिंसटन कॉलेज बरेली द्वारा तीन दिवसीय टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 13 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2026 तक कॉलेज परिसर में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन भोपाल से आए श्री नायाब हुसैन की टीम द्वारा किया जा रहा है।

कॉलेज प्रबंधन की पहल पर आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों, प्रभावी कक्षा प्रबंधन, विद्यार्थियों के साथ बेहतर संवाद तथा शिक्षण कार्य को अधिक परिणामोन्मुख बनाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना है। प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों की कार्यक्षमता में वृद्धि करने के साथ-साथ उन्हें बदलते शैक्षणिक परिवेश के अनुरूप तैयार करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान नायाब हुसैन एवं उनकी टीम द्वारा शिक्षकों को विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों के माध्यम से शिक्षण कार्य को अधिक प्रभावशाली बनाने के तरीके बताए जा रहे हैं। इसमें शिक्षण कौशल के विकास, विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को समझने, कक्षा में सकारात्मक वातावरण निर्मित करने तथा शैक्षणिक उद्देश्यों को बेहतर ढंग से प्राप्त करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया जा रहा है।



श्री गणेश की महिमा का संगीतमय हो रहा वर्णन

सिद्ध छींद धाम में जारी सात दिवसीय श्री गणेश महापुराण

बरेली। संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में ख्याति प्राप्त सिद्ध छींद धाम हनुमान मंदिर में नवरात्रि पर्व के प्रथम दिन ग्राम में भव्य शोभा यात्रा निकालकर प्रथम पूज्य श्री गणेश महापुराण कथा प्रारंभ हुई। कथा व्यास डॉक्टर वेदाचार्य महाराज द्वारा श्री गणेश जी के जन्म मां पार्वती के आज्ञाकारी पुत्र श्री गणेश एवं पिता श्री शंकर जी से हुए युद्ध और गजानन स्वरूप की संपूर्ण कथा का वर्णन किया गया। श्री गणेश जी की बाल लीलाओं का विस्तार से वर्णन करते हुए श्री गणेश जी की बुद्धि शक्ति सामर्थ और श्री गणेश पूजन से होने वाले लाभ की चर्चा की गई। कथा के दौरान राजा सोमनाथ के कुष्ठ रोग मुक्ति के प्रसंग का भी विस्तार से वर्णन किया। छींद धाम में चल रही श्री गणेश महापुराण कथा श्रवण हेतु भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। छींद धाम सेवक मंदिर समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार रघुवंशी द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई है।



डाबरा इमलिया में नई कृषि उपज मंडी की मांग तेज, जगह को लेकर व्यापारियों में मतभेद

डाबरा-इमलिया के पक्ष में 70 फीसदी दावों का दावा मंडी की लोकेशन को लेकर शुरू हुई खींचतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में नई कृषि उपज मंडी बनाने की मांग जोर पकड़ रही है, लेकिन मंडी आखिर कहां बनाई जाए, इस मुद्दे पर अनाज व्यापारी आपस में बटे नजर आ रहे हैं। एक ओर नई मंडी की जरूरत को लेकर सहमति दिखाई दे रही है, वहीं दूसरी ओर स्थान के चयन को लेकर अलग-अलग राय सामने आने लगी हैं। प्रशासनिक घोषणा और सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा मंडी प्रस्तावित डाबरा-इमलिया में की गई है। डाबरा इमलिया में अनाज मंडी बनाए जाने के समर्थन में 70 फीसदी दावों की बात कही जा रही है। हालांकि, इस दावे को लेकर व्यापारियों के बीच सहमति कितनी है, यह स्पष्ट होना बाकी है। ऐसे में नई मंडी की मांग के साथ ही अब जगह को लेकर दावों और तर्कों की जंग भी शुरू हो गई है। नई कृषि उपज मंडी को लेकर व्यापारियों के बीच चर्चा तेज होने के साथ ही अलग-अलग स्थानों को लेकर पक्ष-विपक्ष बनने लगे हैं। व्यापारियों का एक वर्ग मंडी के लिए उपयुक्त स्थान तय करने की बात कर रहा है, तो दूसरी ओर दूसरा अनाज व्यापारियों का पक्ष डाबरा-इमलिया में गल्ला मंडी बनाने को लेकर समर्थन के दावे किए जा रहे हैं। इस स्थिति में मंडी के निर्माण से जुड़ा अहम सवाल अब सिर्फ सुविधा और जरूरत तक सीमित नहीं रह गया है। बल्कि स्थान के चयन पर भी केंद्रित हो गया है।





मांग पर सहमति, स्थान पर अलग-अलग राय

नई मंडी की मांग के पीछे व्यापारिक गतिविधियों को बेहतर बनाने और कृषि उपज के कारोबार के लिए उपयुक्त व्यवस्था विकसित करने की जरूरत अहम मानी जा रही है। लेकिन अनाज मंडी कहां स्थापित हो, इसे लेकर गल्ला व्यापारियों के बीच एकमत राय सामने नहीं आ रही है। स्थान का चयन परिवहन, किसानों की पहुंच, व्यापारियों की सड़क सुविधाओं और भविष्य में बढ़ने वाली आवक जैसे पहलुओं को ध्यान में रखकर किए जाने की जरूरत है।

डाबरा-इमलिया के समर्थन में 70 फीसदी का दावा

डाबरा-इमलिया में नई कृषि उपज मंडी बनाए जाने के समर्थन में 70 फीसदी दावों की बात सामने आने के बाद इस मुद्दे पर चर्चा और तेज हो गई है। हालांकि, यह आंकड़ा किस आधार पर बताया जा रहा है और कितने व्यापारियों की राय इसमें शामिल है।इसकी पुष्टि होना जरूरी है। व्यापारियों के बीच अलग-अलग मत होने के कारण इस दावे को लेकर स्थिति स्पष्ट होना बाकी है।

निर्णय से पहले जरूरी है व्यापक सहमति

नई मंडी का निर्माण किसानों और व्यापारियों, दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। ऐसे में स्थान के चयन को लेकर जल्दबाजी के बजाय सभी संबंधित पक्षों की राय लेना जरूरी होगा। मंडी की जगह तय करते समय किसानों के आवागमन, उपज के परिवहन, सड़क संपर्क और भविष्य में विस्तार की संभावनाओं पर भी विचार करना होगा। फिलहाल नई कृषि उपज मंडी की मांग के बीच स्थान को लेकर व्यापारियों के मतभेद चर्चा का विषय बने हुए हैं। बहरहाल अब देखना होगा कि इस मुद्दे पर व्यापारियों के बीच सहमति बनती है या अलग-अलग दावों के बीच मंडी की लोकेशन का मामला आगे भी उलझा रहता है।

अनाज व्यापारियों की अलग अलग राय और सुझाव

डबरा इमलिया में करीब 60 एकड़ जमीन सरकारी है। जिसमें जिला प्रशासन द्वारा 25 एकड़ जमीन में मंडी निर्माण के लिए जमीन प्रस्तावित है। यह जगह किसानों और जनहित में ठीक रहेगी।भले ही चाहे जिला मुख्यालय से दूरी है लेकिन स्थान पूरी तरह से सुरक्षित है।

मनोज सोनी युवा अनाज व्यापारी

मुख्यालय के समीप बने मंडी

अनाज मंडी जिला मुख्यालय के आसपास ही बनना चाहिए। इसके लिए दरगाह शरीफ के समीप खैराबाद में सरकारी जमीन है। प्रशासन को उसका उपयोग कर लेना चाहिए।

कैशराम साहू अनाज व्यापारी

डबरा इमलिया की जगह उपयुक्त

डबरा इमलिया की जमीन अनाज मंडी निर्माण के लिए सबसे उपयुक्त है। सड़क पानी अन्य सुविधाओं का विस्तार होगा तो ठीक रहेगा। उन्होंने जिला प्रशासन और बीजेपी विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी का आभार माना है।

मिथलेश सोनी व्यापारी

मंडी के लिए उपयुक्त जगह का चयन किया जाना चाहिए

अनाज मंडी मुख्यालय के समीप उपयुक्त जगह पर बनाई जाए तो बेहतर होगा। अभी मंडी को ए ग्रेड का दर्जा मिला है।गल्ला मंडी मुख्यालय के नजदीक निर्माण होगी तो सभी तरह के व्यापार पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। इस संबंध में अनाज कारोबारियों द्वारा मंडी प्रशासक एवं एसडीएम मनीष शर्मा को ज्ञापन सौंप समस्या से अवगत कराया है।

मनोज राठौर अनाज व्यापारी

इनका कहना है

शासन प्रशासन के आदेश सर्वे के बाद ही डबरा इमलिया में सड़क मंडी निर्माण स्वीकृत हुई है। अनाज मंडी जल्द ही आकार लेगी।

मनीष शर्मा एसडीएम एवं मंडी प्रशासक

डबरा इमलिया में 25 एकड़ जमीन का निरीक्षण, विधायक डॉ चौधरी बोले- 50 करोड़ से बनेगा रोड

रायसेन शहर में धान खरीदी के दौरान शहर में बढ़ने वाली भीड़ भाड़ और यातायात के दबाव को देखते हुए कृषि उपज मंडी को शहर से बाहर शिफ्ट करने की तैयारी तेज हो गई है। मंडी बोर्ड सचिव कविता झारिया ने टीम के साथ डबरा इमलिया के पास प्रस्तावित जमीन का निरीक्षण किया। टीम ने जमीन की स्थिति देखने के साथ किसानों से भी फीडबैक लिया। किसानों ने नई जगह मंडी बनाए जाने पर सहमति जताई। निरीक्षण से पहले मंडी बोर्ड की सचिव कविता झारिया, एसडीएम मनीष शर्मा तहसीलदार भरत सिंह माण्डले क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी से भी चर्चा की थी। प्रस्तावित क्षेत्र में करीब 60 एकड़ सरकारी जमीन है, जिसमें से 25 एकड़ जमीन मंडी के लिए प्रस्तावित की गई है।

50 करोड़ से चौड़ा होगा पहुंच मार्ग

निरीक्षण के दौरान प्रस्तावित मंडी स्थल तक पहुंचने वाली सड़क को लेकर भी चर्चा हुई। विधायक डॉ. चौधरी ने बताया कि इस मार्ग को करीब 50 करोड़ रुपए की लागत से चौड़ा और बेहतर बनाने की स्वीकृति मिल चुकी है। भविष्य में इसे बायपास से जोड़ने की भी योजना बनाई जा रही है।

किसानों और व्यापारियों की सहमति

विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी के अनुसार नई जगह मंडी शिफ्ट करने को लेकर व्यापारियों से भी सहमति बन चुकी है। प्रस्तावित स्थान सांची, विदिशा और आसपास के करीब 200 गांवों के किसानों के लिए सुविधाजनक बताया जा रहा है।रायसेन मंडी में उपज के अच्छे भाव मिलने के कारण विदिशा जिले के किसान भी बड़ी संख्या में यहां अपनी फसल लेकर पहुंचते हैं। धान खरीदी के समय वाहनों की संख्या बढ़ने से दशहरा मैदान के आसपास और शहर की सड़कों पर यातायात का दबाव बढ़ जाता है। नई जगह मंडी बनने से शहर के अंदर आने वाले कृषि वाहनों की संख्या कम होने की उम्मीद है। डबरा इमलिया में मंडी बोर्ड टीम ने किसानों से फीडबैक लिया।

ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट गेट पर दिया धरना

ट्रांसफार्मर चोरी, 3 साल से बंद बिजली सबस्टेशन शुरू करने मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले के ग्राम जमुनिया खेजड़ा में बिजली संकट से परेशान ग्रामीणों का सब्र मंगलवार को जवाब दे गया। गांव का 33/11 केवी बिजली सबस्टेशन पिछले तीन साल से बंद पड़ा है। सबस्टेशन का पावर ट्रांसफार्मर (पीटीआर) चोरी होने के बाद से अब तक नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया है। इसके चलते ग्रामीणों को बिजली संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। समस्या का समाधान नहीं होने से नाराज ग्रामीण मंगलवार को रायसेन कलेक्ट्रेट गेट पर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों की मांग है कि बंद पड़े सबस्टेशन में जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए, ताकि बिजली व्यवस्था सुचारू हो सके। लंबे समय से समस्या का निराकरण नहीं होने के कारण ग्रामीणों में नाराजगी है। उनका कहना है कि जब सबस्टेशन स्थापित किया गया था, तब क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बेहतर होने की उम्मीद जगी थी, लेकिन ट्रांसफार्मर चोरी होने के बाद से व्यवस्था प्रभावित है।

तीन साल से बंद है 33/11 केवी सबस्टेशन

जमुनिया खेजड़ा का बिजली सबस्टेशन तीन साल पहले पावर ट्रांसफार्मर चोरी होने के बाद से बंद है। इतने लंबे समय बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदले जाने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली जैसी बुनियादी सुविधा के लिए उन्हें लगातार समस्या झेलनी पड़ रही है। सबस्टेशन चालू होने से क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को राहत मिल सकती है।

कलेक्ट्रेट गेट पर धरना देकर जताया विरोध

बिजली समस्या से परेशान ग्रामीण मंगलवार को अपनी मांग लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने गेट पर धरना देकर जिम्मेदारों का ध्यान समस्या की ओर आकर्षित किया। ग्रामीणों ने बंद सबस्टेशन को चालू कराने और नया ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग उठाई। उनका कहना है कि तीन साल से बंद पड़े सबस्टेशन को शुरू करने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

प्रशासन ने दिया समाधान का भरोसा

ग्रामीणों के धरने के बाद प्रशासन की ओर से समस्या का समाधान करने का भरोसा दिया गया है। अब ग्रामीणों को उम्मीद है कि उनकी मांग पर कार्रवाई होगी और बिजली सबस्टेशन को दोबारा चालू करने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। ग्रामीणों की मुख्य मांग है कि आश्वासन के बजाय जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाकर सबस्टेशन शुरू किया जाए, जिससे क्षेत्र में बिजली व्यवस्था बेहतर हो सके।

धान 4300 रुपए क्विंटल तक बिकी सोयाबीन में भी तेजी

अनाज मंडी में फसल की बंपर आवकः पहले दिन 60 ट्रॉली पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर की कृषि उपज मंडी में खरीफ सीजन की नई फसल का श्रीगणेश हो गया है। मंगलवार को शुभ मुहूर्त में व्यापारियों ने अपने कांटों की पूजा-अर्चना कर नई धान और सोयाबीन की तुलाई शुरू की। पहले दिन ही मंडी में अच्छी आवक से किसानों के कदम रखते ही रौनक लौट आई। मंडी प्रबंधन सूत्रों के अनुसार पहले दिन करीब 40 ट्रॉली नई धान और 20 ट्रॉली सोयाबीन की आवक हुई। सिलवानी, बरेली, सांची और गैरतगंज क्षेत्र से किसान खरीफ सीजन की अपनी नई उपज लेकर पहुंचे।



धान को मिला बंपर दाम

अनाज मंडी में शुरुआती नीलामी में नई धान के अच्छे भाव मिले। क्वालिटी और नमी के हिसाब से धान 3800 से लेकर 4300 रुपए प्रति क्विंटल तक बिकी। वहीं सोयाबीन का भाव 4200 से 4600 रुपए प्रति क्विंटल रहा। अच्छा भाव मिलने से किसानों के चेहरे खिल गए। किसान महेश यादव दिलीप सिंह धाकड़ संजू चौहान ने बताया कि इस बार मौसम ने साथ दिया है, इसलिए पैदावार अच्छी हुई है। व्यापारी संघ ने इस मुद्दे पर एसडीएम मनीष शर्मा से चर्चा करने का निर्णय लिया है। फिलहाल खरीदी पुरानी मंडी से ही जारी रहेगी। मंडी सचिव ने किसानों से अपील की है कि उपज को सुखा कर और साफ करके ही लाएं, ताकि अधिकतम भाव मिल सके।

जंगल से बाइक पर ले जा रहे थे

सागौन की चरपट ले जाते वन विभाग ने घेराबंदी कर धरदबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

वन परिक्षेत्र गढ़ी की टीम ने करमोदी मार्ग पर की कार्रवाई, 21 और 34 साल के दो आरोपी गिरफ्तार, चरपट और बाइक जब्त। रायसेन जिले में सागौन तस्करों के हौसले बुलंद हैं। ताजा मामला वन परिक्षेत्र सामान्य गढ़ी का है, जहां वन विभाग की टीम ने अवैध रूप से सागौन की चरपट का परिवहन कर रहे दो लकड़ी तस्करों को गिरफ्तार किया है। वन विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम करमोदी मार्ग से बाइक पर सागौन की चरपट ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने परिसर करमोदी में घेराबंदी की। कुछ देर बाद बाइक पर आ रहे दो युवकों को रोककर तलाशी ली गई तो बाइक पर सागौन की चरपट बंधी मिली। टीम ने दोनों को मौके पर ही दबोच लिया। गजेंद्र (21 वर्ष), देवेंद्र (34 वर्ष) दोनों निवासी - ग्राम खामखेड़ा, रायसेन बताए जा रहे हैं। पूछताछ में दोनों ने जंगल से अवैध रूप से सागौन काटकर चरपट बनाना और बेचने के लिए ले जाना कबूल किया है। वन विभाग ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

पीआईसी बैठक में कई प्रस्तावों को मिली मंजूरी

रायसेन के विभिन्न वार्डों में बनेंगी सीसी सड़क और नालियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर के विभिन्न वार्डों में सीसी सड़क और नाली निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों का रास्ता साफ हो गया है। नगर पालिका परिषद की पीआईसी (प्रेसिडेंट-इन-काउंसिल) की बैठक में विकास कार्यों से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा के बाद स्वीकृति प्रदान की गई। इन कार्यों के पूरा होने से वार्डों में सड़क और जल निकासी जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। बैठक में शहर के अलग-अलग वार्डों में जरूरत के अनुसार सड़क और नाली निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। साथ ही



नगरीय क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा की गई।

कार्य शुरू कराने पर जोर

नगर पालिका अध्यक्ष सविता जमना सेन ने कहा कि शहर में चंहुमुखी विकास का पहिया थमने नहीं दिया जाएगा। बैठक में स्वीकृत विकास कार्यों को जल्द से जल्द शुरू कराकर पूरा कराया जाएगा। नगर के विभिन्न वार्डों में नागरिकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उनका उद्देश्य शहरवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के सर्वांगीण विकास के लिए सड़क, नाली सहित अन्य जरूरी कार्यों पर ध्यान दिया जा रहा है। स्वीकृत प्रस्तावों के तहत संबंधित वार्डों में निर्माण कार्य कराए जाएंगे। इन कार्यों से स्थानीय नागरिकों को आवागमन और जल निकासी संबंधी सुविधाओं में राहत मिलने की उम्मीद है।

गांधी चौक पर सजा मां अंबे का दरबार, पहुंच रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

बाड़ी कलां के वार्ड क्रमांक 03 स्थित गांधी चौक पर शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मां अंबे का भव्य दरबार सजाया गया है। आकर्षक पंडाल, रंग-बिरंगी रोशनी और मनमोहक साज-सज्जा से सुसज्जित मां का दरबार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां मां अंबे की प्रतिमा के दर्शन करने के लिए भक्त पहुंच रहे हैं और पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। नवरात्रि के दौरान गांधी चौक पर भक्तिमय माहौल बना हुआ है। मां की आरती, भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजनों से पूरा क्षेत्र भक्तिरस में सराबोर है। प्रतिदिन श्रद्धालु मां के दरबार में पहुंचकर शीश नवाते हैं। समिति द्वारा पंडाल को



आकर्षक स्वरूप दिया गया है। जहां धार्मिक आस्था के साथ उत्सव का उत्साह भी देखने को मिल रहा है। गांधी चौक पर मां अंबे का यह दरबार क्षेत्र की धार्मिक परंपरा और श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक बना हुआ है। नवरात्रि के अवसर पर यहां भक्तों की आवाजाही बनी हुई है और पूरा वातावरण मां की भक्ति से गूंज रहा है।

तुलसीपार में अंकुर सीड्स का किसान सम्मेलन आयोजित

भानु मक्का किस्म की विशेषताएं बताई गईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेगमगंज

तहसील के ग्राम तुलसीपार में अंकुर सीड्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से किसान प्रदर्शन मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें कंपनी की मक्का की प्रमुख किस्म 'भानु' की विशेषताओं और बेहतर उत्पादन के लिए अपनाए जाने वाले उपायों की जानकारी दी गई। सम्मेलन में क्षेत्र के 150 से 200 किसान शामिल हुए। कंपनी के अधिकारियों ने किसानों को बताया कि खरीफ सीजन के लिए मक्का की भानु, भास्कर, आदित्य और अरुण किस्में उपलब्ध हैं। वहीं रबी सीजन के लिए गेहूं में रुद्रा, केदार, भैरव और उमेश, चने में चिराग (रिसर्च) व हाइब्रिड विजय तथा सरसों में एएचएम 191 किस्म उपलब्ध है। कंपनी के ये बीज अब बेगमगंज में यादव कृषि सेवा केंद्र पर भी मिल रहे हैं।



भानु मक्का के भुट्टे और दाने बताए खास

किसानों ने मक्का की भानु किस्म के बारे में अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि इसके भुट्टे बड़े होते हैं और दाने गहरे नारंगी रंग के व चमकदार दिखाई देते हैं। किसानों के अनुसार, दानों का वजन और पौधे की मजबूती भी इस किस्म की खासियत है। उनका मानना है कि दानों की गुणवत्ता बेहतर होने से बाजार में अच्छे भाव मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में कंपनी की ओर से एएसएम कमलेश पाटीदार, टीएसएम श्यामलाल साहू, आरिश खान और हेमंत पटेल मौजूद रहे। वहीं गांव के वरिष्ठ किसान अरशद मोहम्मद, अकरम भाई, सगीर पटेल, हरनारायण पटेल, अजहर भाई, संदीप पटेल, दिलीप पटेल, मुकेश पटेल, भूरा और इसरार भाई सहित बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

दातार सिंह बने दूरसंचार सलाहकार समिति सदस्य, मनोनीत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले की सांची विस क्षेत्र के बीजेपी नेता दातार सिंह मीणा को केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दूरसंचार सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया है। इस नियुक्ति की जानकारी मिलते ही उनके समर्थकों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है।



विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने उन्हें खुशी जाहिर कर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य कार्यकाल की कामना की। दातार सिंह मीणा सांची विधानसभा के बीजेपी विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी के खास सिपहसालार माने जाते हैं। दूरसंचार सलाहकार समिति में सदस्य बनाए जाने पर दातार सिंह मीणा को बधाई देने वालों में अलीम खान पाटर्स, सलामतपुर के रितेश अग्रवाल, दीवानगंज के मनोज अग्रवाल, वीर सिंह पटेल ब्रजेश चतुर्वेदी,प्रेम सिंह ठाकुर, भगवान दास लोहट एडवोकेट, एल्डरमैन जगदीश अहिरवार और बबलू चौधरी राजेंद्र राज मीणा जनपद सदस्य गंगाराम चौकसे, मनीष डॉ मनमोहन चौकसे विष्णु मीणा, सरपंच रघुवीर सिंह मीणा बढ़नपुर सहित अन्य लोग शामिल हैं। सभी ने इस नियुक्ति को महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

आज सजेगा शक्ति पर्व का मंच, 'राम की शक्ति पूजा' से होगी शुरुआत

गायिका संजो बघेल देंगी देवी भजन भक्ति गीतों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर बुधवार 14 अक्टूबर को रायसेन सिटी के दशहरा मैदान में शक्ति पर्व का आयोजन किया जाएगा। मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से होने वाले इस आयोजन में शक्ति के विभिन्न स्वरूपों और उनसे जुड़े धार्मिक आख्यानों को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शाया जाएगा। कार्यक्रम शाम 6:30 बजे से शुरू होगा। इसमें शामिल होने के लिए दर्शकों को कोई प्रवेश शुल्क नहीं देना होगा। भारतीय संस्कृति में शक्ति की उपासना और उसके महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों पर शक्ति पर्व आयोजित किया जा रहा है। संस्कृति विभाग के



संचालक एनपी नामदेव ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रदेश और देश के जाने-माने कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से शक्ति के स्वरूपों और उनसे जुड़े प्रसंगों को जीवंत करेंगे।

भोपाल की टीम पेश करेगी 'राम की शक्ति पूजा'रायसेन के दशहरा मैदान में कार्यक्रम की शुरुआत अर्घ्य कला समिति, भोपाल की ओर से प्रस्तुत नृत्य नाटिका 'राम की शक्ति पूजा' से होगी। इस प्रस्तुति के माध्यम से भगवान राम की शक्ति आराधना से जुड़े प्रसंगों को मंच पर दर्शाया जाएगा। इसके बाद कार्यक्रम के अंतिम चरण में जबलपुर की प्रसिद्ध भजन गायिका संजो बघेल और उनके साथी देवी भजनों,भक्ति गायन की प्रस्तुति देंगे। भक्ति संगीत के माध्यम से मां दुर्गा की आराधना की जाएगी।

कार्यालय नगर परिषद गैरतगंज जिला रायसेन, म.प्र.

E-mail: cmogairatganj@mpurban.gov.in

क्रमांक 214/NP/2026 // ई- निविदा आमंत्रण सूचना // गैरतगंज, दिनांक 08/10/2026

एतद द्वारा लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत मध्य श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदार / फर्म से अद्योलिखित विवरण अनुसार नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिनांक 02/08/2021 से प्रभावशील प्रचलित आई.एस.एस.आर. **Building Works** के आधार पर कम / अधिक प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदा अमांत्रित की जाती है।

निविदा क्रमांक	कार्य का नाम एवं विवरण	प्राक्कलन राशि (रू. में)	धरोहर राशि (रू. में)	निविदा फार्म का शुल्क	श्रेणी	कार्यावधि	निविदा क्रम
1	2	3	4	5	6	7	8
2026_UAD_541592_1	वार्ड क्रं 14 में सौंदर्यीकरण कार्य, पार्क निर्माण कार्य ।	2917356.00/-	21900/-	5000/-	New PWD reg	04 माह	First Call

शर्तें- (1) निविदा प्रपत्र का मूल्य वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर भुगतान करने के उपरांत निविदा (टेंडर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगे। (2) ओनलाईन निविदा प्रपत्र दिनाक 09.10.2026 से 09.11.2026 सायं 5:30 बजे तक है। (3) ओनलाईन बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि 09.11.2026 सायं 5:30 बजे तक है। (4) अमानत राशि, सहित समस्त दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही मान्य की जायेंगे। निविदा दिनांक 11.11.2026 को 12:00 बजे से खोली जावेगी। (5) टेण्डर फार्म-ए में ठेकेदार को निम्नलिखित दस्तावेज जमा करना अनिवार्य होगा -
(अ) अमानत राशि (EMD) (ब) निर्धारित शपथ पत्र (Affidavit) नवीन प्रारूप अनुसार (द) पेन नम्बर एवं जी.एस.टी. नं. (स) लो.नि.वि. (PWD) का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र। (6) सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। (7) टेण्डर फार्म में अमानत राशि के साथ अन्य दस्तावेज जमा करना अनिवार्य होगा। (8) निविदा के समस्त अधिकार नगर परिषद गैरतगंज के पास सुरक्षित होगें। (9) निविदाकार को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग एवं शासन के समस्त नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। (10) निविदा में जी.एस.टी छोडकर समस्त करो की कटौती नियमानुसार की जावेगी एवं प्रत्येक देयक के साथ जी.एस.टी. का भुगतान तत समय प्रचलित दर से किया जायेगा। (11) निविदा प्रपत्र अनुबंध का एक भाग होगा एवं ऐसी अन्य समस्त नियम एवं शर्तें तथा किसी भी विवाद की स्थिति मे जो की उल्लेखित नहीं है के सबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश / दिशा निर्देश अंतिम एवं मान्य होगे। (12) अतिरिक्त जानकारी वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर टेण्डर डाक्यूमेंट पर देखी जा सकती है या कार्यालय नगर परिषद गैरतगंज में उपस्थित होकर कार्यालयीन समय पर प्राप्त की जा सकती है। (13) निविदा मे किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति में केवल ऑनलाईन संशोधन किया जावेगा, समाचार पत्रो मे नहीं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद् गैरतगंज